डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष – 10,208 | भोपाल, दिन रविवार, दिनांक 30 नवम्बर ,2025

न्यूज गैलरी

सरकारी कर्मचारी ब्रीफ शिक्षा नीति पर सेमिनार कराएंगे

भोपाल। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर माह शिक्षक संघ प्रदेश में दिसंबर में जगह जगह सेमिनार आयोजित करेगा। संघ के महामंत्री राकेश दुबल एवं मीडिया संयोग के अध्यक्ष विकास चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शत्रुजीत सिंह राठौड़ द्वारा नीति का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया है। शिक्षक और विद्यार्थी हित से जुड़े नीति के सभी प्रावधानों को लेकर दिसंबर में सेमिनार आयोजित किए जाएगा। इसमें शिक्षक विशेषज्ञ एवं अन्य कई एक्सपर्ट्स को बुलाया जाएगा।

वर्मा को बर्खास्त करने की मांग

भोपाल। राजधानी अधिकारी संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव आंदोलन के नव प्रमुख आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखी है। इसमें अपराधों के नवनियुक्त प्रोटाम्बक सतीश वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की गई। वर्मा पर हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। वर्मा के बयान से स्पष्ट होता है कि समाज में उनकी बेटियों और महिलाओं के प्रति कोई मानसिकता है।

ई-अटेंडेंस में खामियों से परेशान

भोपाल। राज्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि ई अटेंडेंस की व्यवहारिक दिक्कतों को शुरुआत से ही ई शासन-प्रशासन के संज्ञान रखा गया। समाधान निकालने के बजाय शिक्षकों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है। सम्मानित शिक्षक एप्पस और म-स्टी में गंभीर तकनीकी गड़बड़ियां हैं। यादव ने कहा कि यह सिर्फ ऐप का मुद्दा नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक की गरिमा का सवाल है। यदि बिना अधिकृत आदेश के किसी पर कार्रवाई हुई, तो शिक्षक सड़क पर संघर्ष करेंगे।

दो सदस्यीय जांच कमेटी ने दो घंटे तक की पूछताछ

भोपाल। मध्य युवक कांग्रेस के भोपाल जिलाध्यक्ष की नियुक्ति होल्ड होने के मामले में शनिवार को दो सदस्यों की जांच कमेटी भोपाल आई। इसमें राष्ट्रीय महासचिव स्मृति रंजन और दिलीप प्रसाद शामिल थे। इन्होंने शिकायतकर्ता अमित खत्री और जिलाध्यक्ष के बल में पहले नंबर पर आने वाले अंकित दुबे से साथ दो घंटे तक बंद कमरे में चर्चा की। इस दौरान जांच दल के सदस्यों ने अमित खत्री से साथ दो घंटे द्वारा की गई शिकायत के दस्तावेज मांगे और अंकित दुबे से उनका पक्ष सुना। दूध कार्यकर्ता दो दूसरे नेता भी वहां पहुंच गए और शिकायत करी कि उनके वोट चोरी हुए

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना महमूद मदनी ने उगला जहर

आरोप सुमि कोर्ट श्सुप्रीमश कहलाने लायक नहीं , कहा-जुल्म होगा तो जिहाद होगा अदालतै हुकूमतों के दबाव में हैं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

यहां जमीयत उलेमा-ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बॉडी मीटिंग में मौलाना महमूद मदनी ने विवादित बयान दिए। उन्होंने सीधे कहा कि जब जुल्म होगा तो जिहाद होगा। देश की अदालतें हुकूमतों के दबाव में फैसला दे रही हैं। बीते कुछ अरसे से खासकर मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा ही लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट अब सुप्रीम कहलाने लायक नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्भावनापूर्ण, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है। लव जिहाद, थूंके जिहाद, तिब्बा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल अच्छे मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसा करने दे रहे

लव जिहाद जैसे शब्दों पर जताई आपत्ति

बैठक में बोलते हुए मदनी

मुसलमानों के अनुकूल सिर्फ 10 प्रतिशत लोग

मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो प्रशासन-व्यवस्था मजहबों के हवाले एक से हैं। इन्हें लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुकूल तो अनुकूल 60 फीसदी लोग ऐसे हैं जो न तो अनुकूल हैं और न ही विरोध में। यह जो खाई बढ़ती है, उसे किसी-न-किसी तरीके से खुलने की कोशिश कर रहे हैं।

एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा

एसआईआर पर नजर रखें

उन्होंने कहा कि एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। अगर इस तरह का कोई मकसद रखें, तो हम विरोध में कर सकते हैं, क्योंकि विरोध किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय प्रभावित है,

ऊपर संघ प्रमुख डॉ. भागवत नागपुर में बोले

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारा या विवाद करना हमारे देश का स्वभाव नहीं है और भाईचारा और सांस्कृतिक सद्भाव हमेशा से भारत की परंपरा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद का विचार बुनियादी तौर पर पश्चिमी विचार से अलग है। हमारी किसी के साथ बहस नहीं होती। हम विवादों से दूर रहते हैं। हमारा काम हमारे देश का स्वभाव ही नहीं है। मिल-जुलकर रहना और सांस्कृतिक सद्भाव हमेशा से भारत की परंपरा रही है। दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षों से भरे हालात में थे। वहां तक एक राय बन जाती है।

मेहमूद मदनी पर मायावती का पलटवार

सुप्रीम कोर्ट इस पर ले स्वतः संज्ञान भारत में जिहाद को सही ठहराना अस्वीकार

पात्रा बोले- बयान भड़काऊ ही नहीं, समाज को भी बांटने वाला

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने देवबंद जमीयत उलेमा मदनी के बयान को सख्त शब्दों में निंदनीय और देश विरोधी बताया है। पात्रा ने कहा कि उन्होंने संघ के मोहन भागवत से विवाद करने वाला बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद को गलत तरीके से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, यह हमारे वेदों में लिखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अन्याय हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई जिलों में आतंकवाद फैला है।

भाईचारा ही हमारी परंपरा, झगड़ा करना हमारे स्वभाव में ही नहीं

सांवरा खेड़ी में होगा आयोजन

आज सीएम के बेटे की शादी सामूहिक विवाह समारोह में, 22 जोड़ों संग लेंगे फेरे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बच्चों के साथ हवन पूजन करते हुए

डीआर संवाददाता॥ उज्जैन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी की रस्में सत्र रही हैं। शादी समारोह में मेहंदी, माता पूजन और संगीत के आयोजन हो चुके हैं। मुख्यमंत्री के बेटे होने के बाद भी डॉ. अभिमन्यु की शादी बिलकुल अलग अंदाज में शोर-शराबे से दूर हो रही है। डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी समारोह में सादगी भरे अंदाज में लाल लिबास में नजर आए। आंखों पर काला चश्मा, कानों में टीका और माथे पर जन्मगवाह तिलक लगाए नजर आए। डॉ. अभिमन्यु यादव ने गजानन्नमा माता की पहन रखी थी। डॉ. अभिमन्यु-इशिता की शादी में अब तक गणेश पूजन, हल्दी, मेहंदी, माता पूजन जैसे आयोजन हो चुके हैं। शनिवार शाम को अपने होटल में महिला संगीत हुआ। इसके बाद डॉ. अभिमन्यु यादव सहगोल की डॉ. इशिता के साथ सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधेंगे। इसके बाद 30 नवम्बर की शाम को अपने

शनिवार शाम को हुआ महिला संगीत

होटल में विवाह होगा। विवाह सम्मेलन में खास लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें राज्यपाल मंगु भाई पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, गौतम टेटवाल समेत दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार, मंत्री, अफसर और पार्टी के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं। विवाह राजकीय विवाह समारोह में होगा। यह आयोजन सांवरा खेड़ी में होगा। माता पूजन, मंडप, मेहंदी, डांस और शादी समारोह के फोटो वायरल हुए। जिसमें सीएम सहित पूरा परिवार नजर आ रहा है। शादी की रस्मों में सीएम सपत्नीक पूजन करते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूल्हा बने डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता की मेहंदी की रस्म के फोटो भी सामने आए हैं। जिसमें सीएम का परिवार पूजन के बाद एक साथ शादी का जश्न मनाता दिखाई दे रहा है।

माशिमं की ऑफलाइन सत्यापन व्यवस्था पर सवाल, जांच के घेरे में आएंगे कई अधिकारी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

शिक्षा विभाग में फर्जी डीएड अंकसूची का मामला सामने आने और नए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटी एसटीएफ) द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में फर्जी डीएड सर्टिफिकेट से नौकरी पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद डीएड अंकसूची के सत्यापन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। नए माध्यमिक शिक्षा मंडल में लगभग सभी कार्य हाईटेक होने के बाद भी डीएड अंकसूची के सत्यापन को ऑफलाइन ही रखा है। ऐसे में यह प्रक्रिया भी जांच के दायरे में आ सकती है। जानकारी के अनुसार 1995 में स्थापित माध्यमिक शिक्षा मंडल में सभी-कार्यों की अंकसूची से लेकर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी तक सब कुछ ऑनलाइन कर दिया है। परीक्षा केंद्रों तक में सीसीटीवी लगाने वाले हाईटेक माशिमं में डिग्री डीएड की अंकसूचियों के सत्यापन का कार्य ऑफलाइन चल रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ द्वारा विभाग में सूत्र दस्तावेज मांगे गए हैं।

इन जिलों में कई मामले डॉ एड सार्टिफिकेट

सतनाम्रो टीचर बनने वालों में सबसे ज्यादा शिक्षक पूर्णिया, सिवनी, भोपाल, इंदौर समेत अन्य जिलों में हैं। एसटीएफ की जांच में पता चला कि वर्ष 1988 से 2006 तक जिला और संभाग स्तरीय सत्यापन के माध्यम से डीएड की फर्जी अंकसूची का डेटा मिला है। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संभाग या जिला स्तर पर बनाई निरीक्षण कमेटी द्वारा डीएड की फर्जी अंकसूची का सत्यापन कर कार्यालय की रिपोर्ट को सही किया गया।

कार्रवाई होगी

माशिमं को लेकर शिक्षकों महकमों की कई शिकायतें सामने आई हैं। इसलिए इस मामले से संबंधित जिलों के कुछ अधिकारी संचालन में होना शिक्षण में परेशान हैं। लोग कहते हैं, जिस व्यक्ति की संख्याना प्रमाण में निर्लेखी, निम्नस्तुकर कार्यवाही की जाएगी।

राजेश मटैरिया, एसपी, एसटीएफ

सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर डॉ. हिमांशु को बंधाया ढांढस

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने पं. कीर्ति नारायण द्विवेदी के दुखद निधन पर शोक संवेदना जताई

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

पटेल ने डॉ. हिमांशु को स्व-लिखित पुस्तक परिजन्मन की एक प्रति भी भेंट की

भोपालिया। जनपदाध एवं प्रसिद्ध विकास गंगी प्रहलाद पटेल शनिवार को आईएएस-अधिकारी के प्रधान संचालक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के चाचा स्व. स्मृति 3 सिंधी कॉलोनी निवास पर पहुंचे

और उनके कुल विभूति पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के दुखद निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

दिग्विजय सिंह ने वोटर लिस्ट में पकड़े 30 फर्जी नाम, बूथ लेवल अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल। केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण चर्च कार्य में गड़बड़ियां मिलने की शिकायत की जांच करने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नरेश विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पहुंचे। सिंह जिस केंद्र पर पहुंचे वहां संघ का बीएलओ मौजूद था। स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने उन्हें मतदान केंद्र लाकर मतदाता सूची दिखाई। 188 पर मतदान नंबर 70 पर वे मतदान में जाने के लिए गए वहां



पर उन्होंने कुछ दावा नवीन नगर संघ के मुख्य शिक्षक नीतम आए मिले।

मतदाता सूची में विसंगत नामों की जब उनसे जानकारी मांगी गई तो उन्होंने सब नाम जो पढ़ने में हल्कार कर दिया। सिंह ने इस चूके नामों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

सफाई मजदूर कांग्रेस ने दी चेतावनी अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों ने जमकर जताया विरोध-प्रदर्शन

डीआर संवाददाता॥ उज्जैन

नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति पर गए कर्मचारियों के स्थायीकरण संचालन के लगाने के विरोध में आंदोलन मजदूर कांग्रेस ने निगम मुख्यालय गणेश नगर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य सफाई का है, लेकिन गार्डन संचालन में उनकी ड्यूटी लगा दी गई है। उनको गड़ी कार्यालय का दर्जा दें। इसके कई कर्मचारी बीमार पड़ गए हैं।

उपवन ने कहा है कि अगर जल्द ही उन कर्मचारियों को एनके मूल पदों में स्थापित नहीं लगाई तो एक आंदोलन किया जाएगा।

दो कर्मियों के साथ हुआ हादसा

अनिल बाबा ने बताया कि पत्र देवास तो दो कर्मचारियों के साथ बड़ा हादसा होते-होते बच गया। एक कर्मचारी शिवनी मुख्य विभाग खतरिक जो एक गड्ढे के अंदर गिरकर बेहोश हो गया। उनका पोस्टमार्टम में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

छह जिलों में पारा 9 डिग्री के नीचे पहुंचा

भोपाल में 8 दिन बाद फिर शीतलहर का दौर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में शनिवार से सर्दी ने तेजी पकड़ ली है। शनिवार को भोपाल में 8 दिन बाद फिर से शीतलहर का असर रहा, जबकि छह जिलों में पारा का पारा 9 डिग्री से कम रहा है। इन जिलों में तेज सर्दी का अहसास रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले सप्ताह जिलों में सर्दी में और तेजी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एवं सूचना के अनुसार अब प्रदेश में

सप्ताह बदलने लगी है। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल सहित कई जिलों में तेज सर्दी शुरू हो रही है। भोपाल में शनिवार को कोल्ड डेज का असर रहा, जबकि कुछ जिलों में पंचियर डेज शीतलहर का असर रहने की उम्मीद है।

एसआईआर उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 185 पर पहुंचे राजनदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा कर एसआईआर में सहभागिता के लिए जनता से किया आह्वान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 185 के मतदाताओं से राजनदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वहां एकत्रित मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की जानकारी देकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मतदाताओं को जानकारी दी कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर

नगरपालिका सरकार बीएलओ से दीप वाचन में जिसमें एसआईआर का कार्य सीधता से पूर्ण हो सकें। उन्होंने नागरिकों को एसआईआर के कार्य में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। 2029 से बेहतर प्रबंधन के लिये 29 किलो मीटर में बन रहे नवीन घाटों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि नवीन घाटों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बस स्टैंड पर चारा बनाई और चर्चा भी की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में नागचौड़ा के पास पैसेंजर उपाध्याय बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बस स्टैंड से अंतरराज्यीय बसें संचालित की जाती हैं। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों में आवागमन के लिए भी से बसें संचालित होती हैं। मुख्यमंत्री ने यहां पर यात्रियों का लाकर लिया और यात्रियों, ऑटो रिक्शा चालकों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. ने बस स्टेंड पर रुक दुकानों और स्थानीय दुकान से चर्चा की। उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही चारा की दुकान पर चारा भी बनाई और नागरिकों साथ पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के सानगीपूर्ण व्यवहार नागचौड़ा बस स्टैंड के स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गोपाल टेटवा एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चौधरी-जीतू का झगड़ा खत्म नियुक्ति का प्रपोजल स्वीकार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

प्रदेश प्रभारी ने जताई थी नाराजगी, बिना अनुमोदन नहीं होगी नियुक्ति

कांग्रेस में नियुक्ति को लेकर मचा कोल्ड वॉर अब खत्म हो गया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने जीतू पटवारी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ ही प्रदेश के 8 जिलों में जनरल सेक्रेटरी बनने का आदेश जारी कर दिया है। दरअसल बीते दिनों पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में बड़े नेताओं ने दोनों को सम्मानजनक दो तिर दोनों में सुलह कराई गई। इसके बाद जीतू पटवारी ने बाकायदा जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति के लिए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को प्रस्ताव भेजा। जीतू पटवारी के भेजे गए प्रस्ताव को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने अप्रूव कर दिया। इसके बाद जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल, बीते दिनों प्रदेश प्रभारी ने जीतू पटवारी को पत्र भेजकर आपसी सहमति से फैसले लेने के लिखा था।

जीतू पटवारी ने अनुमोदन भेजा, उसके बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने दी सहमति

संगठन को मजबूत करेंगे जनरल सेक्रेटरी

जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति के बाद जीतू पटवारी ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन को और सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी निरंतर बूथ से लेकर प्रदेश तक के संगठन को मजबूत करने कार्यकर्ता संरचना को सक्रिय और पार्टी की जमीनी पकड़ को बेहतर बनाने के लिए की है। कांग्रेस का मानना है की नई जिम्मेदारियों से संगठन के कार्यों में तेजी आएगी। आने वाले समय में एक अधिक मजबूत संगठित और सशक्त राजनीतिक ढांचा भी तैयार होगा।

इन्हें बनाया गया जनरल सेक्रेटरी

उमरिया से पुष्पराज सिंह, जबलपुर सिटी सिद्दीक सुल्ता, राजगढ़ से सलीमखान, धार से परिमोष, उज्जैन सिटी से अजय सत्तार, उज्जैन सत्तर से राजेंद्र व्यास, इंदौर सिटी से संजय बाकलीवाल इंदौर सत्तर से दौलत पटेल को नई जिम्मेदारी दी गई है।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, 10- 2082 | सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 30 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

पेट्रोल पंप सौदे को लेकर दो पक्षों में विवाद, रिवॉल्वर दिखाई

बुदनी। तहसील कार्यालय के सामने शनि ता सीहोर के सामने दो पक्षों के बीच पेट्रोल पंप सौदे को लेकर जमकर मारपीट हुई। शुक्रवार को शाम 5 बजे के लगभग एक पक्ष के द्वारा लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर दूसरे पक्ष को धमकाने का प्रयास किया। इसी दौरान बुदनी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को थाने लेकर आई। दोनों की बात सुनकर थाना प्रभार गीता निवासी सम्पूर्ण मुरी नर्मदापुरम की रिपोर्ट पर सतीश उपाध्याय निवासी बुदनी वार्ड नंबर 12, संजय मेहरा, छन्नूलाल मेहरा, संदीप मेहरा सभी निवासी बुदनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया।

ब्रिज कोर्स के लिए 25 दिसंबर तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

सीहोर। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में 11 अगस्त, 2025 के पूर्व नियुक्त वीएल योगदानकर्ता शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के लिए अपना रजिस्ट्रेशन 25 दिसम्बर तक पोर्टल पर करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है। वीएल योगदानकर्ता प्राथमिक शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से 6 माह का ब्रिज कोर्स ऑन एज डिस्टेंस लर्निंग ऑथोरिटी मोड से करवा पूरा करने का उल्लेख है।

बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

सीहोर। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध बीज अधिनियम–1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

सीहोर। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दोषी पाते हुए सुनीता अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर ने 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 3500 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने की।अभियोजन के अनुसार पीड़िता के पिता ने 22 मार्च 24 को इटावर थाने में उपस्थित होकर उनकी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि शाम को उनकी बेटी दुकान पर सामान लेने गई थी, जो वापस नहीं आई।

स्कूल के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

सीहोर। शहर के सेंगरापोखरी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में शनिवार की सुबह आईईएस स्कूल के छोटे–छोटे विद्यार्थियों ने वृद्ध आश्रम का भ्रमण करवाया। वहां पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। स्कूल की ओर से कार्यक्रम के प्रभारी ने

खिलवाड़ रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण जिला अस्पताल में बीते 6 सालों से निजी अस्पतालों में मरीज करा रहे सोनोग्राफी

अनदेखी: अस्पतालों में सोनोग्राफी ठप, मरीजोंको मजबूरी में करानी पड़ रही महंगी जांच

जिला चिकित्सालय में रोज 1000 से 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें 20 से 25 मरीजों को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद 2019 से खाली है।

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

जिले के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी की सुविधा सिर्फ कागजों में ही उपलब्ध है। जमीनी हकीकत यह है कि प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए कतारों में खड़े रहते हैं, पर उनकी बीमारी का सही कारण जानने के लिए जरूरी सोनोग्राफी नहीं हो पाती। जिला अस्पताल के अलावा सिविल अस्पताल आष्टा और गैरतगंज। हर जगह मशीनें हैं, लेकिन चलाने वाला विशेषज्ञ नहीं। यदि मरीज आ भी, लेकिन जांचना उन्हें तो दूसरी पड़ रही है।

अस्पताल सीहोर . मशीन है, स्पेशलिस्ट नहीं

जिला चिकित्सालय में रोज 1000 से 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें 20 से 25 मरीजों को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद 2019 से खाली है। मजबूरी में गर्भवती महिलाओं को लोन महिला डॉक्टरों द्वारा की जाती है, लेकिन पेट दर्द, लीवर, किडनी या अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जांच न मिलने के कारण उपचार में अनुमान पर ही चुक किया जा रहा है। एक पद खाली होने की वजह से पूरा जिला परेशान है, पर नियुक्ति का कागजी आश्वासन कभी हकीकत नहीं बन पाया। इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर सुधे श्रीवास्तव का कहना है कि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का एक पद है, लेकिन वह खाली है। इस कमी से मरीजों को दिक्कत हो रही है। हमने शासन को प्रस्ताव भेजा है, जल्द ही नियुक्ति हो जाएगी।

आष्टा . 150 जांचों की उम्मीदें, लेकिन सोनोग्राफी नहीं सिर्फ सोपीस

सिविल अस्पताल आष्टा की स्थिति इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। यहां रोज 100–150 मरीज आते हैं, लेकिन सोनोग्राफी मशीन शो पीस है। मशीन की रजिस्ट्रेशन नहीं हुई है। हर महीने सिर्फ 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवतियों की जांच की जाती है। सोनोग्राफी के लिए महिलाओं को गंजबासौदा बाहर निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है, जहां फीस 1500 से 2500 के बीच है। जो गरीब घर से ताल्लुक रखते हैं, उनकी मजबूरी कौन समझे? इस संबंध में सीएमएचओ डॉक्टर अनिल गंगूर का कहना है कि हर महीने 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की अनुसंधान जरूर सोनोग्राफी करवाई जाती है। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं हो पाती है।

पेच . सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिले गर्भवती महिलाओं के लिए जांच

पीएमजेवाय जिला अस्पताल में वर्ष 2022 में नई मशीन आई थी। उम्मीद बढ़ी थी कि अब सुविधाएं बेहतर होंगी। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण आज भी मरीजों के लिए सोनोग्राफी नहीं हो पाती है। **बाध्य मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है।** अस्पताल प्रबंधन की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होतीं। मशीन तो है, लेकिन उसे चलाने के लिए महिला डॉक्टर की जरूरत है। सीएमएचओ डॉक्टर अनिल गंगूर का कहना है कि हर महीने 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की अनुसंधान जरूर सोनोग्राफी करवाई जाती है। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं हो पाती है।

पेच . सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिले गर्भवती महिलाओं के लिए जांच

पीएमजेवाय जिला अस्पताल में वर्ष 2022 में नई मशीन आई थी। उम्मीद बढ़ी थी कि अब सुविधाएं बेहतर होंगी। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण आज भी मरीजों के लिए सोनोग्राफी नहीं हो पाती है। **बाध्य मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है।** अस्पताल प्रबंधन की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होतीं। मशीन तो है, लेकिन उसे चलाने के लिए महिला डॉक्टर की जरूरत है। सीएमएचओ डॉक्टर अनिल गंगूर का कहना है कि हर महीने 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की अनुसंधान जरूर सोनोग्राफी करवाई जाती है। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं हो पाती है।

मजदूरी का उठाया कैंटरों की शर्त–बाकी

एक सरकारी योजना इन दिनों खूब चर्चा में है। निजी सोनोग्राफी सेंटरों की कमाई शुरू हो जाती है। रोजगार, आय और सेहत के लिहाज से यह 1000 से 1400 रुपए तक बढ़ जाते हैं। यही इलाज पाने के लिए मरीजों का घर छोड़ शहर में रहना उठाना है। बिना अपना अपना मजदूरी खाने है कि सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलने से कई परिवारों को जांच के लिए रहने निजी खाना पड़ते हैं, कई मिलान पलकर पर कर्ज चुकाने से पहले बेचारे के नाम पर बोनी लोन बना रहा है। अपना का असली पहाड़ . एक सही इलाज का अधिकार पूरा नहीं, अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी कई नई बात नहीं, लेकिन बात मात्र में अस्पताल किसी जिले एक बड़ा सवाल उठा करती है। उदा मरीजों का सवाल कागजी कागजों की प्रमोशन में सोनोग्राफी जिला गर्भवती महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर गंभीर बीमारी की समझाती जाए है। मरीजों को दिखाने की नहीं, बल्कि छोड़ देना और मरीजों को निजी क्लिनिक में महंगे होने देना व जेबें खाली है ऐसा इलाजोपलब्धता को।

जुआ खेलते 14 गिरफ्तार, 1.37 लाख नकद, 15 मोबाइल और 2 वाहन जब्त

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

जिले के इछावर थाना पुलिस ने दुराही जोन के पास एक टपरी में जुआ खेलते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1,37,420 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और दो चार पहिया वाहन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज कुमार वाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग टपरी में रुपयों की हार–जीत के लिए जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापा मारा और सभी आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार लोगों में गेंदालाल साहू, शोएब शेख, अर्जुन खाती, अजीज पठान, आबुल खां, अजीज खां, शाकिर देवड़ा, इकबाल खां, अनवर पठान, अल्ला खान, आमिर कुरैशी, सुल्तान शाह, जकरिया खान और हसीन मंसूरी शामिल हैं। सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

समापुरा–नादान गांव के पास की घटना

ल बस और बाइक की आमने सामने भिड़ंत, चाचा–भतीजी की मौत

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

जिले के इछावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 6 बजे हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डूबो दिया। समापुरा–नादान गांव के पास स्कूल बस और बाइक की आमने सामने हुई जोरदार भिड़ंत में 5 वर्षीय मासूम कोयल और उसके 28 वर्षीय चाचा जितेंद्र नायक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चाचा–भतीजी का घर लौटने का खुशियों से भरा सफर बीच रास्ते में मातम में बदल गया।

थानाध्यक्ष के अनुसार, जितेंद्र नायक अपने गांव कलेजपुर पांचरी पैदल से डोंगरगढ़ स्थित छत्तीसगढ़ जा रहे थे। यहीं से उन्होंने अपनी भतीजी कोयल को घर से लाने के लिए बाइक पर बैठाया। बच्ची उत्साहित थी और पूरे रास्ते मुस्कुराती रही। लेकिन समापुरा नादान के पास पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर जा गिरे। देखते ही देखते बस के पहिए के नीचे आने से घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। सड़क पर बिखरी खून, टूटी गाड़ियां और मासूम की निर्जीव देह को देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। कुछ ही देर में मौके–मुआयना के बीच ग्रामीणों ने पुलिस और इमरजेंसी टीम को सूचना दी। इछावर थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अस्पताल भिजवाया, जहां

डॉक्टरों ने चाचा के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी पंकज वाजपेयी ने बताया कि प्राथमिक जांच में स्कूल बस चालक की लापरवाही सामने आई है। बस को कब्जे में लेकर उसे थाने लाया गया है। मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्ची कोयल अपने चाचा के साथ खुशी–खुशी घर लौट रही थी, लेकिन रास्ते में हुई इस दुर्घटना ने दो जिंदगियां छीन लीं। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

बादल छंटने और उत्तर से आ रही सर्द हवा के कारण 24 घंटे में 3 डिग्री गिरा

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

लगातार तेज गति से चल रही उत्तरी हवाओं के प्रभाव के कारण रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सीहोर में पिछले 24 घंटे में रात का तापमान 3 डिग्री और दिन के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। ऐसी में अधिकतम तापमान 26.5 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में अगले तीन दिनों रात के तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकते हैं। 2 दिसंबर से रात का तापमान में दोबारा से बढ़त की स्थितियां बन सकती हैं। बता दें कि जिलेभर में पिछले एक सप्ताह में रात के तापमान में तेजी बनी हुई थी। यहां तक कि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन शुक्रवार को सीधे 4.5 डिग्री और अब शनिवार को फिर 3 डिग्री की गिरावट हुई।

इस दौरान रात के न्यूनतम तापमान अगले दो से तीन दिनों में 3 डिग्री तक कम हो सकते हैं। 2 दिसंबर के बाद हवा की दिशाएं बदलेंगी। इसके साथ रात के तापमान में बढ़त दर्ज होगी। उपरी दिस्सों में अब ठण्ड एकदम होती है तो राहत मिलेगी होता है। इसके साथ अधिक ठण्ड से कम दबाव की और हवाएं प्रवाहित होती हैं।

जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 15 को, नामांकन प्रक्रिया कल से

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव 15 दिसंबर को होंगे। इसके लिए चुनाव अधिकारी प्रदीप पहलवान और सहायक चुनाव अधिकारी बृजेंद्र सिंह चंदेल को नियुक्त किया गया। नामांकन फार्म 1 दिसंबर – से भरे जाएंगे। जबकि 15 दिसंबर को मतदान के बाद ही मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

सहायक चुनाव अधिकारी चंदेल ने बताया कि जिला – अभिभाषक संघ सीहोर के चुनाव के लिए नामांकन फार्म 1 दिसंबर से 2 दिसंबर तक भरे जाएंगे। नामांकन फार्म सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जमा होंगे। 3 दिसंबर को नामांकन फार्म की जांच होगी। नामांकन फार्म वापस लेने का समय 4 दिसंबर से 5 दिसंबर की शाम 4 बजे तक रहेगा। अधिक से 15 दिसंबर को जिला अभिभाषक संघ के चुनाव होंगे। मतदान का समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

मतदान के ठीक बाद मतगणना होगी। बता दें कि जिला अभिभाषक संघ के 367 सदस्य हैं, जो अपने महाधिवक्ता का चयन कर सकेंगे।

अध्यक्ष सचिव के लिए 10 साल का अनुभव जरूरी

बता दें कि जिला अभिभाषक संघ में अध्यक्ष और सचिव पद के लिए नामांकन फार्म भरने वाले अभिभाषक को 10 वर्ष से अधिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करने का अनुभव होना आवश्यक है।

ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी करने से नाराज समाज ने किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▸▸ आकाशदपुर

अनुसूचित जाति कर्मचारी संगठन के नागेन्द्र अग्रवाल और वरिष्ठ आईएएस संतोष वर्मा की ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अपशिष्टजनक टिप्पणी को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण समाज ने आकाशदपुर में विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने रोड़े में जुलूस निकाला। संतोष वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सर्व ब्राह्मण समाज ने वर्मा के बयान को अपमानित और असंवेदनशील बताया। कहा, इससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। जुलूस के बाद

समाज का प्रतिनिधिमंडल आकाशदपुर थाना पहुंचा। वहां थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संतोष वर्मा पर तत्काल विभागीय और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन में रत्नेश्वरान शर्मा, सतीश पचेरी, मनोहर शर्मा, संतोष शर्मा श्यामपुर, राकेश शर्मा, दीपक नरेड़, रामगोपाल दुबे, गोविंद शर्मा सहित कई संस्था में समाजजन शामिल हुए।

धार्मिक 51 कुंडीय यागत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ हुआ

संस्कारवान, नशा मुक्तआदर्श युवा ही सच्चे राष्ट्रनिर्माता: सूरत सिंह अमृते

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

कुशी के दशहरा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिनिधि के रूप में कार्यालय चौहान का आगमन हुआ, उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार द्वारा मानवीय जा रहे स्वास्थ्य स्वालम्बन पर्यावरण, नारी जागरण और व्यसन मुक्ति व कुरीति उन्मूलन द्वारा जनमानस के ऊपर पड़ रहे सिकारात प्रभाव का विस्तृत रूप से उल्लेख किया।

श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण का पूजन करने के बाद कथा व्यास अमृते से आशीर्वाद लिया और आज की कथा में कथा व्यास सूरत सिंह अमृते ने बताया कि भारतीय संस्कृति में ऋषि परंपरा, संस्कारों का महत्व एवं वर्तमान युवा पीढ़ी पर नशामुक्त बनाकर भारत को पुनः गौरवशाली राष्ट्र बनाने के उद्देश्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से हाथुड जिले में बीलवान ने अपने घर हिंदतीय प्रवास पर आई टोली द्वारा 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से गुरुदेव आचार्य श्री श्रीराम शर्मा के मिशन विशन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

हरिद्वार से आए टोली नायक श्री अमृते ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से गई टोलियां पूरे भारत में निकली है, जो युवाओं को मिशन के लक्ष्यसूत्रीय क्रांतिकारी आंदोलनों से जोड़कर उनमें नई आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्र जागरण के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेंगी। अमृते ने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय ऋषि संस्कृति सारी दुनिया में फैली हुई थी। जिसमें बच्चों के अंदर संस्कार एवं आदर्श भरे थे इसलिए हमारा देश सभी ज्ञान के क्षेत्र में जगद्गुरु था ज्ञान के क्षेत्र में सोने की चिड़िया कहलाता था। अमृते जी ने बताया कि युग निर्माण योजना के संस्थापक वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सानिध्य के 100 वर्ष एवं माता भगवती देवी की पाण्य शताब्दी वर्ष है।

वीआईटी में हंगामे का मामला यहां से पानी के 18 सैंपल लिए गए थे, 4 में मिला बैक्टीरिया

डीआर संवाददाता ▸▸ सीहोर

शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया और डॉक्टरों की टीम ने छात्रावास का निरीक्षण किया। टीम ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही कॉलेज परिसर से 3 जगह से पानी के सैंपल लिए। इन सैंपल को जांच के लिए भेजा गया था। जानकारी रात छात्रों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प हुई। इसके बाद छात्र भड़क गए। देर रात बसों और अन्य जगहों पर आगजनी और तोड़फोड़ की गई। छात्रों का कहना था कि उनसे भारी फीस और मेस का बिल लिया जाता है, लेकिन सुविधाएं नहीं दी जातीं। भोजन की गुणवत्ता खराब है। पानी भी दूषित है। इसी कारण छात्र बीमार हो रहे हैं। घटना के अगले दिन पीएचई की टीम ने 15 जगहों से पानी के सैंपल लिए। जांच में बॉयज–1 के पानी में बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है। यही ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित रहा।

जिन 4 जगह से दोनों टीमों ने पानी के सैंपल लिए थे, वह बैक्टीरियायुक्त पाए गए। उनमें बॉयज हॉस्टल ब्लाक 1, नयूरी वॉटर, बॉयज हॉस्टल ब्लाक 1 आरसीएल और बॉयज हॉस्टल ब्लाक 1 का आरओ 1 और आरओ 2 हैं। पीएचई विभाग का कहना है कि यह कम मात्रा में पाया गया है।बाकी 14 की जांच रिपोर्ट सही आई है। –प्रदीप सक्सेना, कार्यपालन यंत्री, पीएचई, सीहोर

एसएमएस जू डॉ. अरुणी शर्मा, जिला अस्पताल

बैक्टीरियायुक्त पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

यदि पानी में बैक्टीरिया पाए जाते हैं तो यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। बैक्टीरिया युक्त पानी पीने से उल्टी–दस्त की शिकायत होने लगती है। बुखार भी हो सकता है।

वीआईटी प्रबंधन को लिखा पत्र रु पानी की सैंपल रिपोर्ट में 4 सैंपल में बैक्टीरिया पाए गए हैं। वीआईटी प्रबंधन को पत्र लिखकर निर्देशित किया गया है कि इसके निवारण उपाय किए जाएं।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, 10- 2082 | सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 30 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

गीता जयंती को लेकर हुई बैठक

सीहोर। गीता जयंती पर 1 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शासकीय जायसीय खेलकूद संकुल में सामूहिक सामवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा। सभी स्कूल, कॉलेजों में भी कार्यक्रम होंगे। इसे लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कॉलेज प्राचार्यों की बैठक हुई।

पीएम सूर्य घर योजना में मुफ्त बिजली

सीहोर। केंद्र सरकार ने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने पीएम सूर्य घर योजना शुरू की है। इसमें एक किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन से 10 किलोवाट तक के सोलर संयंत्र लगाने पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है।

पीएम कॉलेज में रोजगार मेला 9 को

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं आंत्रेप्रेनियरशिप मेला आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शिविर लगेगा। युवाओं को रोजगार प्रदान किए जाएंगे।

नेत्र शिविर: सुबह 11 से 3 बजे तक लगेगा

सीहोर। सामाजिक संस्था सोशल सोशल मल्टीमीडिया द्वारा स्व. सेठ मांगलचंद कटारिया की स्मृति में एक दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन आज 11 बजे से शाम 3 बजे तक तहसील चौराहा स्थित मानक धाम पर आयोजित किया जा रहा है।

महिला सुरक्षा और नशा मुक्ति पर छात्रों को जागरूक किया

बिलकिसगंज। शाम गायिया स्थित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की आयुर्वेद कॉलेजों में शनिवार को सीहोर पुलिस ने सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एसडीओपी पूजा शर्मा और थाना प्रभारी संदीप सिंह मीणा मौजूद रहे। मुख्य वक्ता एसपी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, अपराध की पहचान, आत्मरक्षा, त्वरित पुलिस सहायता और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा, युवाओं के लिए जागरूकता और आत्मविश्वास सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने पुलिस हेल्पलाइन, साइबर शिकायत पोर्टल और महिला सुरक्षा सेवाओं के उपयोग के लिए छात्रों को प्रेरित किया। एसडीओपी पूजा शर्मा ने नुक्कड़ अभियान की उपयोगिता बताई। उन्होंने बाल सुरक्षा, साइबर सेफ्टी और मादकपदार्थ व्यसनीकरण पर बात की। उन्होंने कहा, यह अभियान बच्चों और युवाओं को सुरक्षित माहौल देने का जरिया है। थाना प्रभारी संदीप सिंह मीणा ने व्यवहारिक सावधानी, रोजमर्रा की सुरक्षा और कानून से जुड़ी जरूरी जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. श्रीकांत पटेल ने कहा, ऐसे आयोजन संस्थानों में सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करते हैं।

सेवा निवृत्त होने पर किया सम्मान

आष्टा। शासकीय प्राथमिक शाला डोराबाड़ा के सहायक शिक्षक से श्रमण कुमार डा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह हुआ। वे शिक्षा विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

विरोध जताया | बंद को मिला समर्थन: दुर्गा चौक पर आरोपी सलमान का जलाया पुतला, जमकर हुई नारेबाजी

नाबालिग से दुष्कर्म पर दिखा आक्रोश, आधे दिन रहा बंद नगर, आरोपी को फांसी की मांग

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में निवासियों ने एकजुट होकर एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा।

डीआर संवाददाता ▶▶ सैरया

रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंजारा में 6 वर्षीय बालिका के साथ कथित दुष्कर्म की घटना ने जिले सहित पूरे प्रदेश को हिला दिया है। इस अमानवीय घटना के विरोध स्वरूप शनिवार को सैरया कस्बा पूरी तरह बंद रहा। सुबह होते ही बाजारों ने अपनी शटर गिरा दी। सड़कों पर खामोशी और लोगों के चेहरों पर गुस्सा साफ दिखाई दे रहा था। एक ओर बाजार बंद थे, दूसरी ओर हर चौक-चौराहे पर नागरिकों की एक ही मांग गूंज रही थी- फांसी बेटी को न्याय दो।

इलाकावासी, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिले का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। मुख्य बाजार, किराना, सब्जी, मोबाइल शॉप, हार्डवेयर स्टोर, मेडिकल दुकानें सहित नगर का पूरा व्यापार ठप रहा। लोग समूहों में खड़े होकर घटना पर दुख और आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। नागरिकों का कहना था कि मासूम के साथ इस बर्बरता सभ्यता के लिए शर्मनाक है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

दोनों समुदायों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा एसडीएम कार्यालय, ज्ञापन सौंपा

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों वाली बड़ी संख्या में निवासियों ने एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग रखी गई कि दुष्कर्म के आरोपी सलमान को सबसे कड़ी सजा दी जाए। सामने आई जांच में और तेज किया जाए, मामले में त्वरित एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और दुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि पीड़िता परिवार को हर संभव सरकारी सहायता दी जानी चाहिए। ऐसी घटनाएँ समाज को भीतर तक झकझोर देती हैं और इनके विरुद्ध कड़ा संदेश जाना ही चाहिए।

पुलिस प्रशासन अलर्ट पर, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

नगर बंद के दौरान जिली की संभावित स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। थाना पुलिस के साथ-साथ अतिरिक्त बल को भी तैनाती की गई। दुर्गा चौक, बस स्टैंड, मुख्य बाजार और रायसेन रोड जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस जवानों की निगरानी रही। अधिकारी लगातार गश्त करते रहे और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दोषी के खिलाफ कानून अनुसार कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच भी लोगों का जन सैलाब लगातार बढ़ता गया। शोषण शारीरिक रहा, लेकिन लोगों के भाव में गहरा रोष था। नागरिकों का कहना था कि समाज से ऐसी न्याय की यह लड़ाई केवल एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की है।

दुर्गा चौक पर आरोपी सलमान का पुतला दहन, गूंजे नारे

ज्ञापन सौंपने के बाद भीड़ दुर्गा चौक पहुंची, जहां लोगों ने सामने में आरोपी सलमान का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नकाब पहिरिए व्यक्ति को इसाक को

बनी राजा जो जैसे नारे लोगों द्वारा से गूंजे। नागरिकों ने कहा कि जब तक मामले में न्याय नहीं मिलता, विरोध की आवाज बुलंद रहेगी।

पत्र-आक्रोश का संदेश साफ: न्याय में देरी नहीं, उदाहरण जरूरी। शनिवार का दिन भले ही शांत बीता हो, लेकिन गैरेया का जन-आक्रोश पूरे प्रदेश तक संदेश दे गया। लोगों की एक ही मांग रही- फांसी बेटी को न्याय दो और जल्द दो।

छापेमारी में अवैध क्लीनिक सील बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय फ्रॉडलाइन डॉक्टरों के क्लीनिक गली-मोहल्लों में खुले हुए हैं। कई जगह अस्पताल तक खोले गए हैं, जो बिना मापदंड के चल रहे हैं। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम ने सिद्दीकगंज में छापामार कार्रवाई की। हालांकि इसकी सूचना पहले से लगने पर कई कर्ती डॉक्टर अपने क्लीनिक बंद कर भाग गए।

शनिवार को टीम की भनक लगते ही अप्रशिक्षित डॉक्टर अवैध क्लीनिक बंद कर भाग गए। एक जगह बिना डिग्रीधारी बच्चों से लेकर बड़ों तक का इलाज करते मिला। फटकार लगाकर क्लीनिक को सील कर बंद करा दिया गया। इसके पहले भी जिले में स्वास्थ्य विभाग के नियम-कानून की धज्जियां उड़ाकर गली-मोहल्लों में बिना डिग्रीधारी डॉक्टर क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। आष्टा क्षेत्र में लगातार बिना

परमिशन के क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज करने की शिकायतें मिल रही थी। शिकायत को सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार तहेसिया ने गंभीरता से लेते हुए आज के लिए इस संवेदनीय टीम बनाई। टीम में सीएमओ डॉक्टर अमित माथुर, सिविल अस्पताल के क्लीनिकल विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र परमार, निसेनता सिंकेड़ा डॉ. जयसीन सिसोदिया, सहायक अस्पताल प्रबंधक जितेंद्र शर्मा, बीईई मोहन श्रीवास्तव, और नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ. सुरेश सेन को शामिल किया। शनिवार को टीम सिद्दीकगंज में अमित विश्वास के क्लीनिक पर पहुंची। वहां बच्चों और बड़ों का इलाज होता मिला। टीम ने पूछताछ की तो विश्वास के पास डिग्री और न ही कोई अन्य परमिशन मिली। फटकार लगाकर क्लीनिक को बंद करा दिया। यहीं पर टीम एक अन्य डॉक्टर के निवास स्थान में संचालित क्लीनिक पहुंची, लेकिन वह पहले ही ताला लगाकर गायब हो गए। टीम ने नोटिस चस्पा कर दिया।

कार्रवाई जारी रहेगी

स्वास्थ्य विभाग की टीम सिद्दीकगंज पहुंची थी। वहां पर एक जगह बिना डिग्रीधारी क्लीनिक पर बच्चों और बड़ों का इलाज करते मिला। क्लीनिक बंद करा दिया गया। दूसरी जगह पहले ही क्लीनिक बंद कर गायब हो गया था। यह कार्रवाई जारी रहेगी। डॉ. अमित माथुर, सीएमओ पर रिपोर्ट नहीं लिखा।

शुक्रवार रात एक भीषण कोलार डेम रोड पर रात में हुआ हादसा

अज्ञात वाहन की टक्कर से मां-बेटे की मौत

डीआर संवाददाता ▶▶ सिविलगंज

शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार मां बेटे को एक अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक दूर जा गिरी। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही थाना 112 पुलिस मौके पर पहुंची व और दोनों शवों को समुदायिक

स्वास्थ्य केंद्र सिविलिसगंज से भेजा गया। रात में दोनों शवों को सकुशी रूप से रखा गया। शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

जानकारी के अनुसार, मां-बेटा बाइक से किसी काम से रायपुर से जोनापानी जा रहे थे। तभी कोलार डेम रोड पर सामने से एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। इससे दोनों दूर जा गिरे और मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सागुरी, थाना रेलवे निवासी तीलाबाई (45 वर्ष) और उनके पुत्र अनिल बरेला (18 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया।

बस से टकराई बाइक, युवक, बच्ची की मौत

इधर शनिवार शाम 4 बजे स्टेट हाईवे 35 पर गुरहो सागपुरा के बीच स्कूल बस के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही बाइक बस से टकरा गई। टक्कर में बाइक सवार 25 वर्षीय जितेंद्र नायक और उनके साथ बैठी 7 साल की बच्ची कावेरा गायक की मौत हो गई। जितेंद्र डाग बसोलपुर तहसील गैरसा के रहने वाले थे। शनिवार को वे अपनी ससुराल साम बिरोली आए थे। गर्मियों की छुट्टी से स्कूल बंद होने पर वे अपनी बेटी को लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रिलीवर निवास नायक की बेटी कावेरा भी साथ चलने की जिद करने लगी। हादसा शाम लोकसखेड़ा जिले पंचमा के निकट हुआ।

जितेंद्र और कावेरा जब हाईवे पर गुरहो सागपुरा के बीच पहुंचे तभी आगे चल रही स्कूल बस के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। बाइक बस के पीछे हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कावेरा की मौके पर ही मौत हो गई।

महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

शनिवार को एनएसयूआई द्वारा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अंबु ठाकुर प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नामांकन समिति और परीक्षा समिति में सुधार कराने के विषय में महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य भास्कर परमार ने लिया। इस दौरान संगठन से दीपक गोस्वामी ने बताया कि नामांकन समिति और परीक्षा समिति में जिन लोगों को चयनित किया गया है। उसमें से कांग्रेसजन कम से कोई भी मौजूद नहीं रहते हैं और बच्चे आते हैं तो उनको जानकारी नहीं मिल पाती है। बच्चे परीक्षा का एडमिट कार्ड लेने की जानकारी हो या फॉर्म जमा करने की जानकारी हो वापस घर चला जाता है। जिससे बच्चों की लेट फीस लगती और उनको उचित जानकारी नहीं मिलती है। ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने इसमें सुधार करने की मांग की, वहीं जिन लोगों को चयनित समिति में शामिल किया गया है उन लोगों को यहां जाए कि बच्चों को उचित जानकारी दें, समिति में सुधार किया जाए। जिन लोगों को सही जानकारी है उन लोगों को ही यह काम दिया जाए। ज्ञापन का वाचन नितेश ठाकुर ने किया। ज्ञापन देने वालों में जोगेंद्र ठाकुर,

कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने किया शानदार

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर



शनिवार को मास्टर जाफ ताकी कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इसमें 50 बच्चे सफल रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि कराटे मास्टर अंबेश लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमल ठाकुर, उदयभान ठाकुर, विनोदु शर्मा सहित अन्य ने निभाई। प्रतियोगियों में रोहनी कलर के अरुण माथुर, विवेकानंद, रेवाकांत सोलहटरी के सचिन विट्ठल कालके, संस्कार मंच के शशिकांत सलोनकर माहेश्वरी सहित अन्य ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर सफल की ओर से प्रतियोगियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान पेरो, अंबेश ने बेल्ट हासिल किए इन खिलाड़ियों ने सहित किया प्रमाण-पत्र और बेल्ट मास्टर जाफ ताकी कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विश्वेंद्र दीक्षित ने बताया कि शनिवार की सुबह आयोजित इस प्रतियोगिता में पेरो बेल्ट हासिल करने वाली ने उपस्थित नवल, अंशुमन ठाकुर, रिजोनी

पंचायतों में 25-25 लाख के सामुदायिक भवन निर्माण

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र को दिला रहे है। क्षेत्र के दौरों के दौरान लगातार मांगों में अपनी अपनी पंचायतों में सार्वजनिक कार्यों एवं कार्यालयों को करने के लिये पंचायतों में सामुदायिक भवनों की मांग की गई थी। प्रमोद जगने, ग्राम पंचायतों के सरपंचों की मांग पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से अपने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की करीब 50 पंचायतों के लिये एक एक सामुदायिक भवन स्वीकृत करने की मांग के प्रस्ताव भेजे और लगातार किये गये प्रयासों के परिणाम स्वरूप 25-25 लाख की लागत से 50 पंचायतों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 11 करोड़ 75 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। आष्टा विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत आष्टा की ग्राम पंचायत चंडालिया राम, जरदीखेड़ी, फतेहपुर (डाकनी), बनुडिया लालमन, बरखेड़ा, बरातपुरा, बेदाखेड़ी, भवरा, मूलोद, नेरमुरु, मुगली, मोलूखेड़ी, रसूलपुर, रामपुरा कला, लखुडिया पार, लखुडिया खुरद, लोधौल कलाँ, शंभुखेड़ी, सामरदा, सैन्धोखेड़ी, सेवदा, इरीनपुरा खेड़ी, आलदालिया, ढरनिया गाजी, अरोलिया आष्टा, आगला गण्डू, कजलास, कल्याणपुर, कानखेड़ी, किलेरामा, कुमठावदा, खजूरिया जागर, खेड़ी हाट, गाजला, चावरगी, चिन्तोद, चुघलिया, जगमालपुर, जलालखेड़ा, जीवापुर महोडिया, झिलोना, टाम्ब, टिगरिया, डाबरी, डूडा, तवरमपुर, नीमोर, पनारिया राम, पतारिया मोखल पंचायत के लिये एक एक सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

परियोजना | रेसई परियोजना से अगले सीजन में किसानों को मिलेगा सिंचाई का पानी

1815 करोड़ की परियोजना: अंडरग्राउंड नहरों का जाल बिछाने का 80 प्रतिशत कार्य पूरा

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

पार्वती नदी पर रेसई सिंचाई परियोजना के तहत बांध बनाने के साथ ही अंडरग्राउंड लाइन पैरेसेवा तक बिछाई जा चुकी है। इस हाउस बनकर तैयार है जिले के किसानों के लिए बड़ा खबर होगा। यानी की करोड़ों की लागत वाली रेसई सिंचाई परियोजना का काम कोविड और अन्य कारणों से विलंबित हुआ है, लेकिन स्थानीय विधायक सुदेश राय की निरंतर निगरानी और प्रयासों के चलते सीहोर जिले के किसान अब निराशा से बाहर निकल रहे हैं। यहां परियोजना का काम राजगढ़ जिले में अभी भी अधूरा है, वहीं सीहोर क्षेत्र में अंडरग्राउंड नहरों का जाल बिछाने का कार्य काफी हद तक पूरा कर लिया गया है, जिससे अगले सिंचाई सीजन में जिले के हजारों किसानों को निश्चित पानी मिलने की उम्मीद जगी है। बता दें जनपंच 1815 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना पार्वती नदी पर बनी है, जिसका लाभ राजगढ़, सीहोर और भोपाल के कुल 139 गांवों की 45 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करना है। विधायक सुदेश राय ने इस प्रोजेक्ट की धीमी गति पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की थी और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर काम में तेजी लाने पर जोर दिया। इसी का परिणाम है कि जिले की राजपुर तहसील के 7 गांव और भोपाल की बैरसिया तहसील के 19 गांवों को पानी पहुंचाने वाली अंडरग्राउंड नहरें लगभग बिछ चुकी हैं। सीहोर क्षेत्र का पंप हाउस सबसे तैयार है, जिसमें जल्द ही मशीनें लगाई हैं और कमेंसिंग किए जाने हैं।

अगले सीजन में पानी शुरू करने पर तहसीलदारों को डब्ल्यूआरडी अधिकारी जोन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया पार्वती नदी पर रेसई सिंचाई परियोजना के तहत बांध बनाने के साथ ही अंडरग्राउंड लाइन पैरेसेवा तक बिछाकर ने किसानों को दिलाया भरोसा विधायक सुदेश राय ने बताया कि यह परियोजना सीहोर के किसानों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने कहा पिछले दो वर्षों में मैंने हर मंच पर इस परियोजना के काम को गति देने की मांग की यह संतोष का विषय है कि राजगढ़ की तुलना में सीहोर जिले काम पूरा होने की कगार पर है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को हर हाल में सिंचाई के लिए पानी मिले। जनता के धन को बर्बादी नहीं होने दी जाएगी और प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाएगा। बिलाई का चुर्रे है। पंप हाउस बनकर तैयार है, जिसमें मशीन लगने के साथ ही कमेंसिंग किए जाने है। इस बार दो मीटर पानी रोका गया है।

शनिवार को 20 रु. लुढ़ककर 4240 रूपए. घोषित हुआ

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

भावांतर भुगतान योजना के तहत वनिवार को सोयाबीन के मॉडल न रेट में सीधे 20 रुपए की गिरावट आई है। ऐसे में सोयाबीन का क 5 शुक्रवार को सोयाबीन का मॉडल रेट 4260 रुपए घोषित किया गया था। मॉडल रेट गले कम हुआ हो, लेकिन किसानों को बीते दिन की अपेक्षा 20 रुपए प्रति क्विंटल ज्यादा भुगतान मिलेगा।

क मॉडल रेट 4240 रुपए घोषित न किया गया, जबकि एक दिन पहले

बता दें कि भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगण में बिक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। बता दें कि सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4000 रुपए जारी किया गया था। इसके बाद लगातार मॉडल रेट में बढ़ोतरी हो रही थी। एक दिन पहले शुक्रवार को मॉडल रेट 4260 रुपए जारी किया गया था लेकिन शनिवार को सीधे 20 रुपए कम होकर मॉडल रेट 4240 रुपए घोषित किया गया। पिछले सात दिन में इस तरह सोयाबीन का मॉडल रेट 22 नवंबर को मॉडल रेट 4286 रुपए, 23-24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4266 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए और 29 नवंबर को मॉडल रेट 4260 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट किया गया था।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10, 2082 | विदिशा, दिन ,रविवार ,दिनांक 30 नंबवर 2025

न्यूज गैलरी

जिले में जारी 1 शस्त्र लाइसेंस निलंबित

विदिशा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक कंडारा के पालन प्रतिवेदन पर जिले में शस्त्र लाइसेंस धारक लाखन सिंह मीणा पुत्र मोहनराम मीणा (55) निवासी गंजी नगर थाना कुरवाई विरुद्ध लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

शाजापुर टीम ने देखी प्रशासनिक दक्षता

विदिशा। कलेक्टर के निर्देशन में जिला सहकारी बैंक और समितियों ने जिला समन्वय से बल किया, उसे समझने के लिए आज शाजापुर जिले का एक उच्च स्तरीय दल विदिशा पहुंचा। शाजापुर से आए कैलाश, उप संचालक कृषि और जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधियों ने विदिशा जिला सहकारी बैंक का दौरा किया।

चेक बाउन्स मामले में 6 माह की सजा

विदिशा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रिनी खान शेख की अदालत ने चेक बाउन्स मामले में आरोपी बीकुण्ठ नाथल तिवारी को छह माह के सामान्य कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच लाख रुपये की चेक राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित परिवादी को लौटाने का आदेश दिया। शिवकुमार लोधी को आरोपी से पांच लाख रुपये का चेक दिया था। बैंक में जमा करने पर चेक बाउन्स हो गया। इसके बाद शिवकुमार ने अधिवक्ता अनिल अहिरवार के माध्यम से अदालत में दावा पेश किया। सुनवाई के दौरान आरोपी ने चेक की लिखावट और हस्ताक्षर पर आपत्ति जताई। अदालत ने आपत्तियों को खारिज कर परिवादी के पक्ष को सही माना।

नॉन एक्टिव खातों में 47 करोड़ फंसे जल्द राशि लौटाई जाएगी

विदिशा। जिले के विभिन्न बैंकों में एक बौकने वाली विशेष स्थिति सामने आई है, जहां लगभग 47 करोड़ रुपए हजारों नॉन एक्टिव खातों में पड़े हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के 31मार्च पूंजी आपका अधिकारपत्र अभियान के तहत आयोजित एक बैठक में यह खुलासा हुआ। इन खातों में लंबे समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है, जिस पर अब कलेक्टर अनिल डामोर ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बैंकों को तुरंत ऐसे खातों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। लीड बैंक अधिकारी के अनुसार, इस राशि में डीईएफए खातों में 4.79 करोड़, संस्थागत खातों में 4.97 करोड़, और आम लोगों की निजी खातों में सर्वाधिक 37.57 करोड़ शामिल हैं। अक्सर बैंक प्रबंधक ने जिले के सभी लोगों से विशेष अपील की है कि वह पुराने खाते में राशि है तो तुरंत अपनी संबंधित बैंक शाखा से संपर्क करे।

लापता नाबालिग को खोजकर परिजनों को सौंपा

विदिशा। गंजबासौदा शहर पुलिस ने 16 वर्षीय लापता बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। 24 अक्टूबर को नाबालिग के बाहर-पुलिसाकर से जाने की रिपोर्ट पर अपहरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थाना प्रभारी संजय देवियाँ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई सतत तलाश के बाद 29 नवंबर को बालिका मिली। न्यायालयीन प्रक्रिया के पश्चात उसे परिजनों के सुपुर्द

स्कूल के छात्रों ने किया एसएटीआई का भ्रमण

गन्नाबाद। पौरुषी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के एवं गन्नाबाद के इलेक्ट्रानिक्स छात्रों ने संस्था के माध्यमों आशीष सक्सेना के मार्गदर्शन में एसएटीआई विदी कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया।

गुलाबगंज थाने में नहीं हुई सुनवाई, अस्पताल में भी इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

प्लॉट पर कचरा फेंकने पर लाठी-फरसा और तलवार से हमला, महिलाओं समेत 8 घायल

गुलाबगंज में पुरानी रंजिश और प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने लाठी फरसा और तलवारों से हमला कर दिया। घटना में एक ही परिवार की महिलाओं सहित 8 लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर हथियारों से हमला किया गया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गुलाबगंज में शुक्रवार रात करीब 8 बजे पुरानी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक ही परिवार की महिलाओं सहित 8 सदस्यों पर डंडों, फरसा व तलवार से हमला कर दिया। सभी घायल शनिवार को शिकायत लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे।

सीएसपी अतुल सिंह को पूरी घटना से अवगत कराया। पीड़ितों का आरोप है कि बीजेपी नेता के भतीजों ने विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ितों ने बताया कि गुलाबगंज थाना पुलिस ने उनकी शिकायत गंभीरता से नहीं सुनी, जिसके बाद वे एसपी कार्यालय पहुंचे। जानकारी मिलते ही सीएसपी अतुल सिंह मौके पर पहुंचे, घायलों से चर्चा की और उनका इलाज कराया। उन्होंने कोतवाली व गुलाबगंज पुलिस को मौके पर बुलाकर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई

विदिशा। एक घायल युवती के टॉन्सिल के पीछे लिए परिवार के लोग उसे बेहतर इलाज के लिए एसपी कार्यालय लेकर पहुंचे।

पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद सभी घायल एक ही परिवार के

तथा निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। विवाद की शुरुआत प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआ और हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक ही परिवार की महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर हथियारों से हमला किया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। इसके बाद जब परिवार की महिलाएं कचरा फेंकने गईं, तो आरोपियों ने उन्हें रोक दिया। इसी बात पर कहासुनी हुई, जिसके कुछ देर बाद हमलावर एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए। घायलों के अनुसार गणेश उपाध्याय, बंटी उपाध्याय, रविश उपाध्याय, छोटू उर्फ बोंगी उपाध्याय सहित कई अन्य लोगों ने मिलकर लाठी, फरसा और धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में महिलाएं सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर भाजपा नेता का नाम लेकर उन्हें धमकाते हैं। परिवार का कहना है कि घटना के तुरंत बाद गुलाबगंज थाने पहुंचने पर उनकी सुनवाई नहीं हुई और अस्पताल में भी प्राथमिक इलाज में लापरवाही बरती गई। इस मामले में अधिकारी के साथ बुरी तरह

पीड़ित बोले: सिर पर फरसा मारा गया

घायल खुशी कुशवाह ने बताया कि कचरा फेंकने की बात पर विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद गणेश, बंटी और छोटू उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने आकर हमला कर दिया और उनके सिर पर फरसा मारा गया। वहीं निकिता ने आरोप लगाया कि गुलाबगंज में हमलावरों की दबंगई चलती है। घर में घुसकर हमला किया गया, लेकिन थाने और अस्पताल दोनों जगह उनकी बात नहीं सुनी गई। सीएसपी अतुल सिंह ने एसपी कार्यालय पहुंचकर घायलों से चर्चा की है। निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

विकास की लड़ाई: जनता से समर्थन पत्र भरवा रहे पार्षद

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विकास कार्यों की उपेक्षा और नगरपालिका में भ्रष्टाचार व मनमानी के विरोध में पिछले 18 दिनों से नालघर के पार्षद धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। न तो प्रशासन उनकी सुन रहा न ही कोई जिम्मेदार पार्षदों से मिलने पहुंचा। अपनी मांगों को लेकर पार्षद अब जनता से समर्थन मांग रहे हैं। इसके लिए उन्होंने बसपाया एक समर्थन पत्र भी छपवाया है। शनिवार को पार्षद शहर के बुद्धिजीवियों और व्यापारियों के पास पहुंचे और समर्थन पत्र भरवाए। पार्षदों को जनता का भी समर्थन मिल रहा है। क्योंकि पार्षदों की जो मांगे हैं वह जनता के हित में हैं। पार्षदों ने 10 प्रमुख मांगें रखी हैं।

पार्षदों ने कहा: विकास के लिए लड़ते रहेंगे

धरने पर बैठे पार्षद अनिल उसरेना ने कहा कि हम 18 दिनों से बैठे हैं, लेकिन कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि हमारी सुध लेने नहीं आया। इसलिए अब हम शहर की जनता की समस्याओं को लेकर जनता के पास जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पहले 38 पार्षद इस आंदोलन में शामिल थे, लेकिन दबाव के कारण कई पीछे हट गए। अब बचे हुए 6 पार्षद डरेंगे नहीं और जब तक जान है, शहर के विकास के लिए लड़ते रहेंगे। पार्षद जमना कुशवाह ने इस बात पर जोर दिया कि वे सिर्फ विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा जो भी शहर के हित में हमारे साथ आना चाहता है, उसका स्वागत है।

ट्रेन में नवजात की किलकारी गूंजी, मेटरनिटी स्टाफ ने डिब्बे में पर्दा लगाकर कराया प्रसव

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

शुक्रवार रात लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच में अचानक सब कुछ बदल गया। सवा 10 बजे जैसे ही ट्रेन गंजबासौदा स्टेशन पर रुकी, यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन कुछ ही देर में माहौल खुशी में बदल गया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की रहने वाली गर्भवती रजिया ने चलती ट्रेन में ही प्रसव पीड़ा शुरू होने पर मदद मांगी थी। सूचना मिलते ही गंजबासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय का मेटरनिटी स्टाफ स्टेशन पहुंचा। डिब्बे में ही पर्दा लगाकर सुरक्षित डिलीवरी करा दी। मां और नवजात को बाद में एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। यहां दोनों की जांच कर उन्हें विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बीना से बाहर निकली ट्रेन और शुरू हुआ दर्द

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से मुंबई की ओर जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस का झांसी के बाद बीना स्टॉप भोजला था। रजिया अपने पति महेंद्रगिरी के साथ थाना पर थी। झांसी झांसी से ट्रेन चलना हुई तो उसे हल्का दर्द हुआ। पहले इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज कर दिया। लेकिन जैसे ही ट्रेन बीना से निकली, दर्द तेज हो गया। घबराए पति ने ट्रेन स्टाफ को इसकी सूचना दी। स्टाफ ने तुरंत गंजबासौदा स्टेशन की जीआरपी को जानकारी दी। स्टेशन पर ट्रेन को रोकने के निर्देश जारी हुए। 108 एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया गया।

डिब्बे में बना अस्थायी प्रसव कक्ष

ट्रेन जब प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पहुंची, मेटरनिटी स्टाफ नर्स प्रतिभा और आशा इंदिराबाई मालवीय पहले से तैयार थीं। उन्होंने डिब्बे में पर्दा लगाकर एक अस्थायी प्रसव कक्ष तैयार किया। जीआरपी और आरपीएफ स्टाफ की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण में जुटा रहा।

करीब आधे घंटे बाद डॉक्टरों ने बताया कि डिब्बे में नवजात की पहली रोने की आवाज सुनाई दी। यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

नवजात का वजन कम, विदिशा भेजा

रेलवे से सूचना मिलने के बाद मेटरनिटी स्टाफ भेजा गया। ट्रेन में सुरक्षित डिलीवरी कराने के बाद जच्चा-बच्चा को अस्पताल लाया गया। प्रसूता का डिलीवरीकेस और नवजात को रेफर कर दिया। इसलिए विदिशा भेजा गया।

डॉ. अनेक शिवरी,
बीएमओ, गंजबासौदा

अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में विफल, साक्ष्यों के अभाव में सभी 6 आरोपी बरी

कैलाश अहिरवार

हत्याकांड में चतुर्थ श्रेणी अपर सत्र न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने की।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले के सुहानिया कैलाश अहिरवार हत्याकांड में शुक्रवार को बड़ा फैसला आया है। चतुर्थ श्रेणी अपर सत्र न्यायाधीश राजेश शर्मा ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में पूरी तरह विफल रहा है, जिसके चलते आरोपियों को संदेह का लाभदेते हुए रिहा किया जाता है। मामले में

बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने प्रभावी व विस्तृत पैरवी की। उन्होंने पुलिस जांच में गंभीर खामियों, साक्ष्यों के विरोधाभास और कॉल रिकॉर्डिंग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न उठाए। अदालत ने इन दलीलों को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि मात्र संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। गौरतलब है कि कैलाश अहिरवार ने कुछ समय पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद उनका शव मिलीदा

पहाड़ी क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मृतक के भाई द्वारा पुलिस को दिया गईं कथित कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर पत्नी सुरभि, ससुर सिंह, साल श्याम बाई, साल संतकार, तथा मिनीता और संगीता को गिरफ्तार कर हत्या, सबूत मिटाने और साजिश सहित कई धाराओं में आरोपी बनाया गया था। अदालत ने कहा कि रिकॉर्डिंग और अन्य प्रस्तुत साक्ष्य अपर्याप्त, अप्रमाणित और अविश्वसनीय हैं। यह धारणा मानना एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

नृत्य प्रतियोगिता में ओलपस स्कूल की टीम ने विशेष पुरस्कार हासिल किया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सीबीसी के आईडिया पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल लोक-नृत्य प्रतियोगिता में विदिशा की ओलंपस हाई स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशेष पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में गोपाल स्कूल के कई सीबीएसई और राज्य बोर्ड के स्कूलों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रेयसा सिंह ने बताया कि छात्र

विशेष रूप सुरक्षाव के निर्देशन में छात्रों ने महाराष्ट्र के पारंपरिक लावणी शेतकारीण नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जो दिलचस्पी से सीटल, एनसी मेहता और सदर्भ को प्रशंसा मिली।

अमानक घोषित हुई आयुर्वेद औषधियों को मेडिकल स्टोर से हटाएं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

संचालनालय आयुष के निर्देश पर कराई गई जांच में 6 प्रकार की आयुर्वेद औषधियां अमानक पाई गई हैं। जांच के दौरान डाबर कुटज रस, लक्ष्मी विलास रस (वटदीप), प्रवाल पिष्टी, सुतशेखर, त्रिलोक सत्व और कालदुधारस औषधियां

अमानक पाई गई हैं। जिला आयुष अधिकारी मदन कुमार इंजीनियर ने बताया कि विदिशा जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को निर्देशित किया गया है कि दी गई अमानक घोषित आयुर्वेद औषधियों को वह अपने स्टोर से हटा दें। स्टोर से उक्त दवाओं को न हटाए जाने पर संबंधित फर्म और मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध अनुशासनात्मक विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी मेडिकल स्टोर यह सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त दवा तत्काल स्टोक से हटाई जाए तथा भविष्य में केवल मानक एवं अनुमोदित आयुष औषधियों का ही भंडारण और विक्रय करें।

नदी उद्गम बेतवा नदी उद्गम स्थल को पुनर्जीवन करने सतत प्रयासों की नई रूपरेखा

3 दिवसीय प्रवास पर, नदी के उद्गम स्थल व चेक डैमों का होगा पुन: निरीक्षण

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बेतवा नदी के उगम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए जारी सामूहिक प्रयासों को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है।

गत वर्ष बनाए गए 55 चेक डैमों से उगम स्थल पर पानी रुका और धारा पुनर्जीवित हुई थी, किंतु अब उसका प्रवाह पुनः क्षीण होने लगा है। नदी को सदानीरा बनाने के लक्ष्य के लिए निरंतर

प्रयासों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी क्रम में 29 नवंबर को गांधीवादी चिंतक आरके पालीवाल और डॉ सुरेश गर्ग, प्रो अरविंद द्विवेदी सहित अन्य

हिस्ती पहुंचे। वहीं प्रविज्ञ कार्टूनिस्ट, लेखक, पालनरक्षक आबिद सुरती 1 से 3 दिसंबर तक प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ अनामी रणनीति पर 3 दिसंबर को कोलार रोड स्थित ग्राम संवा समिति कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी।

जादू नहीं विज्ञान है जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जादू नहीं विज्ञान है सम्बन्धन आयोजन है जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस दौरान डॉ.डी.एस सिंह जादव तथा विद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ल उपस्थित रहीं।

विधायक मुकेश टंडन ने विज्ञानियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र अपनी शंकाएं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सम्पन्न एवं राष्ट्र के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान नाटिका एवं वैज्ञानिक

प्रयोगों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा

माध्यम से अंधविश्वास, तांत्रिक क्रियाएं एवं सामाजिक कुरीतियों के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को सरल ढंग से समझाया। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, गंजबासौदा, द्वितीय शासकीय हाई स्कूल, हैदरगढ़ (ग्यारसपुर), तृतीय शासकीय हाई स्कूल, जोदड (नटेरन) रहे। जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय सांदीपनि विद्यालय, सुलवाई, द्वितीय पीएमश्री एमएमबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विदिशा, तृतीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिरोंज रहे।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10, 2082 | राजगढ, दिन रविवार, दिनांक 30 नवंबर 2025

न्यूज गैलरी

पति ने की पत्नी के साथ मारपीट, केस

ब्यावरा। सिटी थाना अंतर्गत बैलास गांव में एक पत्नी ने अपने पति से रोटी खाने की बात कहने पर मारपीट कर दी। पत्नी की शिकायत पर सिटी थाने में पति के खिलाफ बैलास मामला दर्ज हुआ है। निवासी राईदा बाई 40 ने सिटी पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे उसने अपने पति रोड जी सौंसिया से खाने की बात कही तो वह गाली-गलौज करने लगा।

सड़क पार कर रही गाय से टकराई बाइक

ब्यावरा। भोपाल रोड पर बाइदेड़ा के पास सड़क पार कर रही गाय से बाइक टकराने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया है। यहां बता दें, गिदौखाट निवासी शिवप्रसाद पुत्र साहू 50 बाइक से नरसिंहगढ़ से अपने गांव जा रहा था। बाइदेड़ा के पास सड़क पार कर रही गाय से बाइक टकरा गई।

सीबीएसई प्री-बोर्ड परीक्षाएं 11 से होंगी

राजगढ़। सीबीएसई से संबद्ध सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू होंगी। शिक्षा निदेशालय में परीक्षा की तैयारियां जारी कर दी हैं। 10वीं की परीक्षाएं 26 दिसंबर को खत्म होंगी। 12वीं की परीक्षाएं 27 दिसंबर तक चलेंगी।

शीतलहर के साथ पड़ रही तेज ठंड, अलाव जलवाने की मांग

राजगढ़। हवाओं के साथ तेज हवाओं का दौर शुरू हो चुका है। दिन में चमकती तेज धूप निकल रही है लेकिन शीतलहर की पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ऐसे में आमजन नगर पालिका से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, अस्पताल परिसर, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ी उपलाने की मांग करने लगे हैं। आमजनों के साथ ही नगर की निराश्रित नदीयों के लिए भी अलाव की रचना काफी फायदेमंद होती है। हालांकि नगर के सेवाभावी नवयुवकों एवं गौशाला समितियों द्वारा गौशालाओं के अलाव के लिए लकड़ियां जलाकर नगर के विभिन्न स्थानों पर तापनाई जा रही है पर आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत तथा ये यह काम अभी तक शुरू नहीं

बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी हुए सम्मानित

नरसिंहगढ़। वरिष्ठ बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी को अपने काम में बेहतर प्रदर्शन के लिए शासकीय लोधन बीमा निगम की ओर से मंगलवार को भवरासा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें भोपाल मंडल के विक्रय प्रबंधक रविंद्र पटेल ने प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान दिए। आयोजन में भवरासा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पवन अहिरवार, विकास अधिकारी संजीव शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी मनोज राजत

डीलरशिप देने के नाम पर 2.55 लाख रु. की ठगी

करनवास। थाने के अंतर्गत धरमेंद फर्टिलाइजर कंपनी के नाम पर आर्गेनिक खाद की डीलरशिप देने के नाम पर किसान के साथ 2.55 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। किसान की शिकायत पर करनवास पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करनवास के पंकज पुत्र कृष्ण यादव 22 ने थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

कार्रवाई में सागौन की 36 सिल्लियों सहित 6 लाख 72 हजार का मशरूका जब्त

बिना लाइसेंस अवैध सागौन का चल रहा कारोबार ! एक गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■ भाजा-सुलतिया

सागौन के अवैध कारोबार की बात हो तो जिले में सुलतिया के नाम लिए बिना पूरी नहीं हो सकती। इसके लिए पूरी में सागौन को लेकर नगर में हुई कई कार्रवाईयों से लेकर आज की पुलिस द्वारा कार्रवाई से समझा जा सकता है। पिकअप में भरकर गांवों से इकट्ठा कर लाई जा रही अवैध सागौन के परिवहन होने की सूचना सुलतिया पुलिस को मिली और आरोपी पवन पिता गोविन्द अग्रवाल अवैध

रूप से सागौन की लकड़ियां चोरी करके सकरकर अवैध परिवहन करते पाया गया। आरोपी पर धारा 303(2) बीएनएस 29652 भारतीय वन अधिनियम व धारा 5(16 म प्र वन उपज अधिनियम 1969 का पाया जाने से आरोपी से मौके पर समक्ष पंचनामा गवन चित्र परमाल निलामा निकारी गाडीकारी एवं वन रक्षक राजेन्द्र सिंह चौबी सुलतिया को समक्ष उक्त लकड़ी 36 सागौन की सिल्लियां सौंपकी

सागौन के बड़े व्यापारी बच जाते हैं, छोटों पर होती है कार्रवाई

सुलतिया में लाखों रुपए की सागौन बेचने वाले व्यापारियों से लेकर छोटे व्यापारी है परंतु अधिकतर देखने में आया है कि छोटा काम करने वाले व्यापारी पकड़े जाते हैं जबकि बड़े व्यापार करने वाले साफ बचकर निकल जाते हैं।

मार्च 2025 से सुलतिया व्यापारियों के सागौन लाइसेंस का नहीं हुआ नवीनीकरण

वन विभाग के डिप्टी रेंजर अर्जुन शर्मा कहा है कि अभी सुलतिया के लकड़ी व फर्नीचर व्यापारियों का सागौन लाइसेंस का नवीनीकरण द्वारा नवीनीकरण नहीं किया गया। जिससे अभी सागौन के परिवहन व खरीदी को बात ही नहीं उठती।

वनविभाग व थाने के सामने से ही निकलती है अवैध सागौन

शनिवार को हुई पुलिस कार्रवाई के बाद यह साफ हो गया। जबकि अधिकतर रात इन विभाग व थाने के सामने से ही व अवैध कारोबार चलते रहने की सूचना इसका अंदाजा इसी बात से लगाया सकता है कि शादी के लिए कलिंगर भी आ दिन सुलतिया से निकाला जा रहा है पर विभाग को इसकी पता भी नहीं चल पाता।

गाड़ी पंचर कर हथियार दिखाकर 3500 रुपए नकदी व दो चांदी की अंगूठी लूटी

3 वर्ष पहले हुई लूट का आज तक कोई सुराग नहीं

डीआर संवाददाता ■ कुरावर

कुरावर थानान्तर्गत तीन बड़ली इलाके में शुक्रवार-शनिवार की दरमियाना रात अज्ञात बदमाशों ने कार का टायर पंचर कर दिया। जब वाहन सवार नीचे उतरे तो मौका पाते ही बदमाशों ने हथियार तान दिया। इसके बाद कार सवार लोगों से 3500 रुपए नगदी और दो चांदी की अंगूठी लूटकर भाग गए। पुलिसने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करियादी सलाम भट पिता मीरबाद भट आयु 28 वर्ष निवासी टीलाजमालपुरा भोपाल को आरोपियों ने शिकार बनाया है। वे अपने साथियों के साथ बीनागंज में श्री खाटू श्याम के भजन कर अपने साथियों के साथ कार से लौट रहे थे। इसी दौरान तीन बड़ली के पास कार पंचर हो गई। ड्राइवर जब बाहर निकला तो सभी बदमाशों की इसा पूरी तरह निकल चुकी थी। ड्राइवर जब स्टेपनी बदलने लगा तो मौका देखकर ड्राइवर की छिनी तीनों बदमाश बाहर निकल आए और हमला कर दिया। आरोपियों ने हथियार दिखाकर कार में बैठे लगभग से 3500 रुपए तथा हाथ में पहनी पहनी दो चांदी की अंगूठी निकालकर भाग गए। किसी तरह पैदल ने कुरावर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

3 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर हुई थी लूट: अब से तीन साल पहले यानी 6 दिसंबर 2022 को भी इसी स्थान पर उत्तर प्रदेश से शादी से लौटकर भोपाल की तरफ आ रहे एक परिवार के साथ लूट की वारदात हुई थी। जिसमें 4 लाख के सोने के आभूषण एवं 8 हजार नगदी लूटी गई थी। कुरावर पुलिस आज तक इस घटना के आरोपियों को नहीं पकड़ पाई।

एसआईआर रू जिले में 91 फीसदी कार्य पूर्ण, खिलचीपुर विस अव्वल

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूर्णता की एक माह की अवधि के अंतिम पखवाड़े में काम तेजी से हुआ है। गत 04 नवंबर से शुरू हुआ एसआईआर का कार्य जहां शुरुआत में कछुआ गति से रेंग रहा था वहीं अंतिम चरणों में काम ने दुरुत गति पकड़ी थी है। निर्वाचन से जुड़े उच्चाधिकारियों की सख्त मॉनिटरिंग एवं सूक्ष्म लेवल ऑब्जर्वर (बीएलओ) एवं उनके सहायक के रूप में सभी स्तर पर सक्रिय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों के अथक सहित अन्य की मेहनत की बदौलत 29 नवंबर तक जिले में 91 फीसदी से अधिक मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन सफल निर्वाचन आयोग किया जा चुका था। पात्र मतदाताओं के निहाज से बात करें तो कार्य पूर्णता में खिलचीपुर विधानसभा विजयपुर अव्वल है। उक्त कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर के हिसाब से तो अब सिर्फ चंद दो दिन शेष रह गए हैं। निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाता हैं जिनमें से 29 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन किया जा चुका था। कुछ मूल, कुछ के टाइपकर व अन्य कारण निर्वाचन विभाग के अनुसार जिले में कई ऐसे मतदाता हैं जो मूल से चुके हैं, उनके टाइपकर हो चुके हैं या उनके डबल नाम जुड़े थे या अन्य भी बहुत से कारण है।

किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ■ नरसिंहगढ़

अखिल किसान कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम कुवाडियाखेड़ी और सांवा जागीर में बिजली कटौत जलने से हुई दो युवक की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कुवाडियाखेड़ी मुकेश पिता दौलतराम गुर्जर उम्र 22 की शुक्रवार को खेतों में झूल रहे तारों की फेंस में आने से करंट

से मृत्यु हो गई। वहीं बीती 24 तारीख को ग्राम सांवा जागीर में बंटी पिता रामचरण उम्र 22 की भी इसी तरह करंट लगने से मौत हुई है। लेकिन सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग ने सहायता तो दूर मौके पर पहुँचकर मामले को देखना भी मुनासिब नहीं समझा। जिससे मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घटना से पहले ही ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा कई बार विद्युत विभाग अधिकारियों को खराब बिजली व्यवस्था की सूचना दी गई थी लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए सुधार के लिए कोई काम नहीं करवाया। इसी अव्यवस्था की वजह से ही युवकों की जान चली गई। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते दौरान अध्यक्ष नरेंद्र कुमावत, गोविंद सिंह गुर्जर मौजूद थे।

घटिया निर्माण कार्य को लेकर मोहल्लेवासी सड़क पर

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

कलेक्टर द्वारा अवैध कालोनियों के नामांतरण के साथ अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण आदि के कार्यों पर रोक लगा रही है। इसके बाद भी सारंगपुर के सुदर्शन नगर कहलाने वाले मोहल्ले में लगन अलग जमीन मालिकों ने अवैध तरीके से आवास हेतु प्लाट बिक्री की है, लेकिन प्लाट मालिकों को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं

की। इस से अधिक कार्यों से लोग नाराज बनकर निवासरत हैं। निवासरत परिवारों द्वारा स्थानीय निकाय एवं वार्ड पर मूलभूत सुविधा के लिए लगातार दबाव बनाकर, इसी के चलते उक्त कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण प्रारंभकिया लेकिन मोहल्लेवासियों के साथ जो धोखा कालोनी बनाने वालों ने किया वहीं धोखा सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

एसडीएम रोहित बन्दोरे सारंगपुर को ज्ञापन देते हुए मूलभूत सुविधा सड़क निर्माण करने के साथ ही घटिया कार्य के खिलाफ की मांग की। इस संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से चर्चा की तो उनका कहना था कि वार्ड वासियों द्वारा किसी भी प्रकार कोई शिकायत नहीं की गई। शिकायत आती है तो समाधान किया

गहरी नींद में थे जवान, रफ्तार कम होने पर ट्रेन से कूदकर भागा आरोपी

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

राजगढ़-विदिशा चलती ट्रेन से नीचे कूदकर एक आरोपी के पुलिस की हिरासत से भागने का मामला सामने आया है। घटना गंजबासौदा रेलवे स्टेशन के आउटर शनिवार को सुबह 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। है। उस समय ट्रेन जी स्पीड कुछ कम हो गई थी और दोनों पुलिस जवान गहरी नींद में सो रहे थे। उसी मौके का फायदा उठाकर आरोपी, पुलिस के

चंगुल से फरार हो गया। मामला मिले के सारंगपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सारंगपुर थाने के हेड कांस्टेबल सतीश सरार और कांस्टेबल शिव सिंह दांगी, फरार आरोपी नामक आरोपी को पेशी पर ट्रेन से लेकर जा रहे थे। गंजबासौदा के असमाजस्य जब ट्रेन रुकी हुई तो मौके का फायदा उठाकर आरोपी ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। उधर दोनों पुलिस जवानों को सारंगपुर थाने से स्थानांतरी कर दी गई है। दोनों जवान शनिवार शाम तक थाने पर नहीं थे। सारंगपुर थाना प्रभारी अकबाल शाह का कहना था कि अभी मामले की पूरी जानकारी नहीं मिली है। आज जो लोग आए रहे हैं, उसा नाम का कोई आरोपी नहीं है। वही पुलिस जवान शिव सिंह दांगी से सारंगपुर राजधानी ने फोन पर चर्चा की तो उनका कहना था कि वे अभी भोपाल में हैं, मिली काम से आए हैं। विदिशा आरपीएफ इंस्पेक्टर

ग्राम चौपाल महिला बाल विकास विभाग ने दंड व भवानीपुरा पंचायत में किए आयोजन

ग्राम चौपालों में कुप्रथाओं को त्यागने दिलाया सामूहिक संकल्प

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा देह एवं भवानीपुरा ग्राम पंचायतों में जागरूकता चौपालों का आयोजन किया गया।

विभाग के डीपीओ स्वामबाबू खरे निर्देशन में आयोजित इस चौपाल में सुश्री संतोष चौहान ने बताया की खिलचीपुर परियोजना के 38 ग्राम पंचायत में 17 में लगभग 33 गांवों के लोगों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान के चौथन 08 बाल-विवाह की समझाईश उपरान्त सकारात्मक

रोके गए है। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक विकास को अवरुद्ध करता है। चौपाल में बताया गया कि कहीं पर भी बाल-विवाह होने पर कंट्रोल रूम में सूचना दी जा सकती है।

सभी को इस अभियान से जुड़ कर सामूहिक प्रयासों से सुरक्षा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होता। अभियान की नोडल अधिकारी एवं वन स्टॉप केंद्र प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा

कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यक्रम और समाज की भूमिका को समझाया गया।

इन नंबरों पर मिलेगी सहायता: श्रीमती चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बाल विवाह, बाल मजदूरी को पूर्ण रोकना है। लोगों की सहायता और सूचना हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181, बाल-विवाह कन्ट्रोल रूम पर स्टॉप सेंटर में संचालित है, जिसका नंबर 07372-254380 है। कार्यक्रमों के उपरांत उपस्थितजनों को कुप्रथाओं को त्यागने के संबंध में सामूहिक संकल्प दिलाया गया

न्यायालय के आदेश पर कब्जा दिलाने पहुंची राजस्व टीम

डीआर संवाददाता ■ खिलचीपुर

सिविल न्यायालय के आदेश पर न्यायालय नायब तहसीलदार तथा भोजपुर के द्वारा आवेश आवेदक विरान पिता गोपीलाल, अमरचंद पिता गोपीलाल जाति तंवर निवासी छतरपुरा तहसील खिलचीपुर द्वारा ग्राम छतरपुरा जिला भूमि सर्वे नंबर 364/1 364/2,364/3,364/4 की भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ संड खिलचीपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश के आदेशीआदेश ए/182022 बीरम तंवर पिता गोपी लाल तंवर विष्णु बीरम तंवर पिता स्वर्गीय कालूलाल तंवर आदि में पारित निर्णय 30 अक्टूबर की प्रति प्रस्तुत कर कब्जा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर न्यायालय के आदेश के पालन में पारित आदेश अनुसार आवेदक को ग्राम छतरपुरा जिला भूमि सर्वे क्रमांक 364/1 364/2,364/3, 364 का कब्जा दिलाए जाने हेतु राजस्व टीम अभिनय शर्मा प्रभारी राजस्व निरीक्षक, अक्षोष पालिक हल्का पटवारी, देवेंद्र मीणा, अजय मीणा आदि मौके पर पहुंचे। कब्जे दायरेनु एकल बीरम पिता प्रभु लाल तंवर आदि परिवार जनों के बने पाए जाने पर वरिष्ठ अधिकारी से आगामी तिथि में उचित बल की मांग करने की बात कर दबे पांव वापस लौट आए। जैसे ही राजस्व टीम गांव के बाहर निकली ही थी कि खफरेलु मकान बनाकर रहने वाले लोगों ने प्रभु लाल पिता गोपी लाल तंवर पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे प्रभु लाल पिता गोपीलाल के सिर पर चोट आई। जिसकी पटेल गोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर खिलचीपुर मेडिकल हेतु भेजा गया।

इनका कहना है

जांच एवं मेजा है, अभी रिपोर्ट आने पर ही कुछ कह सकेंगे।

लखीराम सिंह मीणा, नायब तहसीलदार, भोजपुर